हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–293 : जौनपुर, गुरुवार 03 मार्च फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सुंगधित इत्र और जौनपुर के मित्र बड़ी किस्मत वालों को ही मिलते :प्रधानमंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार को छठवे में चरण का मतदान संपन्न होने जा रहा है साथ ही सातवें चरण में आगामी 7 मार्च को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा ताबड़तोड़ जनसभाएं की जा रही है। गुरुवार को तिलकधारी महाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद की 9 विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सातवें तथा अंतिम चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट अपील करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद जौनपुर के टीडी कॉलेज में जनसभा किये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत मां शीतला चौकिया को प्रणाम कर किया। पीएम ने कहा कि, कहते हैं कि सुंगधित इत्र और जौनपुर के मित्र, बड़ी किस्मत वालों को ही मिलते हैं। आज आप मित्र बनकर हमारा हौसला बढ़ाने आए हैं। हमारे साथियों को आशीर्वाद देने आए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आज गर्व के साथ कह सकता हूं कि जौनपुर ने भाजपा के साथ अपनी मित्रता को बखूबी निभाया है। अब तक के मतदान ने भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी की सरकार बनाना तय कर लिया है। आज छठे चरण में भी भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान हो रहा है। ये विजय इसलिए जरूरी है क्योंकि उत्तर प्रदेश विकास के जिस पथ पर चल पड़ा है, उसे हमें अब थमने नहीं देना है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब पूर्वांचल के लोगों की आवाज दिल्ली से लेकर लखनऊ तक बड़ी मजबूती के साथ गूंज रही है।आज यूपी एकजुट, एकमत खड़ा है पीएम मोदी ने कहा कि घोर परिवारवादियों ने पूर्वांचल के लोगों को अपने हाल पर जीने पर छोड़ दिया था। घोर परिवारवादियों ने पूरी कोशिश की थी कि उत्तर प्रदेश जात–पात में बंट जाए। लेकिन यूपी के लोगों ने घोर परिवारवादियों की चालाकी को समझ लिया। मैं अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान जब यूपी में सपा की सरकार थी तो कम से कम सैकड़ों पत्र जौनपुर में लोगों




को आवास बनवाने के लिए लिखे लेकिन इनके द्वारा एक भी गरीबों के लिए आवाज की कोई डिमांड नहीं की गई जानकर आश्चर्य होगा कि जौनपुर जिले के लिए मात्र एक आवास की मांग की गई। आज यूपी एकजुट, एकमत खड़ा हो गया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीयत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। भाजपा की नीति है जो भी योजनाएं बने वो हर लाभार्थी तक पहुंचे और बिना बिचौलिए के पहुंचे।माफियावादियों की नीयत क्या रही है, ये जौनपुर के लोग अच्छे से जानते हैं। याद कीजिए, यहां के एक गांव में जिन लोगों पर दलित परिवारों के घर जलाने का आरोप हैं, उन्हें ये लोग आशीर्वाद दे रहे हैं। इसलिए दलित, गरीब, पिछड़े और हमारी बहनों को ऐसे लोगों से सतर्क रहना है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार चलाने का इन माफियावादियों का तरीका रहा है। यूपी को लूटो, गरीबों के सपनों को कुचलो। इन्हें कभी आपका दर्द, आपकी तकलीफ, आपकी मुसीबत नजर नहीं आई। कोरोना के मुश्किल समय में घोर परिवारवादी लोग कहां थे, उन्होंने क्या किया, ये यूपी के लोग कभी भी भूल नहीं सकते। ये लोग इस साजिश में जुटे थे कि भारत के टीके बदनाम कैसे किया जाए। ये लोग इस संकट को और गंभीर बनाने के लिए काम कर रहे थे।ये समय पूरी दुनिया के लिए आये दिन गंभीर चुनौतियों को लेकर आ रहा है। इस लिए आपका वोट इन चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को मजबूत बना रहा है। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग मैदान में उपस्थित रहे सुरक्षा व्यवस्था के बीच चाक–चौबंद व्यवस्था की गई थी। इस दौरान मंच से 9 विधानसभा के प्रत्याशियों ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए अपने पक्ष में वोट करने की जनता से अपील किया। कार्यक्रम का संचालन जनपद के चुनाव प्रभारी राकेश द्विवेदी ने किया।

## बसपा सपा व कांग्रेस की संवेदनाएं आतंकवादी और पेशेवर अपराधियों के साथ : योगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी द्वारा 7 मार्च को होने वाले मतदान को लेकर गुरुवार को नगर के टीडी कालेज के उमानाथ सिंह स्टेडियम में चुनावी जनसभा आयोजित किया गया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस की संवेदना किसानों, नौजवानों और महिलाओं के साथ नहीं है। उनकी संवेदनाएं आतंकवादी और पेशेवर अपराधियों के साथ है। इन लोगों की संवेदना भ्रष्टाचारियों के साथ है। ऐसे लोग जो विकास में बाधा डालते थे। यूपी में विकास और बुलडोजर की कार्रवाई एक साथ शुरू हुई है।योगी ने कहा कि इत्र और इमरती के लिए जौनपुर प्रसिद्ध है। देशभर में इत्र और इमरती की खुशबू पहुंचे, इसलिए इसे देशभर में पहचान देने का काम किया गया है। आजादी के बाद से यूपी के अंदर लोग अपने आप को उपेक्षित महसूस करते थे।पहली बार 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार गठित होने के बाद भारत सरकार ने क्षेत्रों का समग्र विकास करना प्रारंभ किया है। उन्होंने इस बात के लिए जौनपुर वालों का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद किया। जौनपुर का भी अपना मेडिकल कॉलेज की मांग पूरी कर पीएम मोदी ने अपने कर कमलों से इसे प्रारंभ किया। अब यहां प्रवेश भी शुरू हो गया है।समाजवादी पार्टी की कानून व्यवस्था के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मंत्री स्वर्गीय उमानाथ सिंह को अपना बलिदान देना पड़ा था। उमानाथ सिंह उत्तर प्रदेश की अराजकता और दुर्व्यवस्था को लेकर



बलिदान हो गए।सीएम योगी ने जनता से पूछा कि क्या 2017 से पहले बिजली मिलती थी? भाजपा की सरकार में 24 घंटे बिजली मिलती है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में सबको वैक्सीन लगाने का काम किया। आज ये वैक्सीन फ्री में मिली। सपा–बसपा की सरकार होती तो ये वैक्सीन भी ब्लैक में बेचते। सपा और बसपा की सरकार में खाद्यान के बड़े–बड़े घोटाले हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र बगल में होने के कारण जौनपुर विकास से कैसे वंचित हो सकता है। कोरोना काल के दौरान 1.5 लाख से अधिक प्रवासी जौनपुर में आए। उन सभी प्रवासी को काम देने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया। उन्हें रोजगार से लेकर अन्न दिलाने का काम किया गया। योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश में महीने में 2 बार पीएम मोदी के अच्छे कामों से ही लोग राशन पाते हैं।

## वोट डालने के बाद सीएम योगी बोले–80 फीसदी सीटें जीतकर भाजपा बनाएगी रिकॉर्ड

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ''पहले मतदान फिर जलपान'' के मंत्र का पालन करते हुए गोरखनाथ स्थित प्राथमिक विद्यालय कन्या इंग्लिश मीडियम) के बूथ संख्या 249 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह सात बजे ही बूथ पर पहुंचे मुख्यमंत्री अपने बूथ के पहले वोटर भी बने। मतदान करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की और फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर जलपान किया। मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जनता जनार्दन में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। खासतौर पर माताओं और बहनों का उत्साह देखते ही बन रहा है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत शुभ है। सीएम योगी ने कहा कि छठ में चरण में जिन 9 जिलों में मतदान हो रहा है वहां के मतदाताओं से अपील है कि वह अच्छी सरकार, सुशासन की स्थापना व आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए मतदान अवश्य करें। छठवें चरण में जीत का छक्का, सातवें में नया रिकॉर्ड सीएम योगी ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव में प्रदेश की जनता ने अपने उत्साह से अच्छी सरकार के चुनाव की बात को साबित किया है। उन्होंने कहा कि अब तक के रुझान ने यह दर्शाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से काफी आगे है। छठे चरण के चुनाव में जीत का जोरदार छक्का लगाकर हम 300 के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर हैं। सातवें चरण में 2017 की तुलना में उससे बड़ी जीत का नया रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन में ईमानदारी, श्रद्धा वप्रतिबद्धता के साथ जनता के भरोसे का मान रखते हुए कार्य किया है। जनता के उत्साह में इसकी झलक साफ देखी जा सकती है। सही निर्णय में चुके तो पांच वर्ष की मेहनत पर फिर जाएगा पानी गुरुवार को हो रहे छठे चरण के चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार चुनने में जनता से सही निर्णय करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं,



पिछड़ों,दलितों,गरीबों व समाज के सभी वर्गों के लिए अभूतपूर्व कार्य करने का प्रयास किया है। इसे देखा भी जा सकता है। आज निर्णय की घड़ी है कि हम कैसी सरकार चाहते हैं। माफियाओं, दंगाइयों का साथ देने वाले लोगों की सरकार या फिर ऐसी सरकार जिसने सुरक्षा, विकास, रोजगार व सुशासन की गारंटी दी है। निर्णय की इस घड़ी में हम चुके तो 5 वर्ष की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। सुरक्षा, विकास, सुशासन व जनकल्याण कारी योजनाओं के लिए भाजपा को वोट दें सीएम ने कहा कि सुरक्षा,विकास, सुशासन व जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट दें और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश और खास करके पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास कार्यों को देखा वह सुना है इन 5 का 5 सालों में विकास के बड़े–बड़े कार्य हुए हैं। खाद कारखाना चालू हुआ, एम्स भी बना, कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना, हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले गए। यही नहीं 40 सालों से हजारों बच्चों को असमय काल कवलित करने वाली इंसेफलाइटिस की समस्या का समाधान हमने 4 साल में कर दिखाया। पूर्वी उत्तर प्रदेश पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व लिंक एक्सप्रेसवे से जुड़ गया है। भाजपा की सरकार ने दंगामुक्त, भयमुक्त वातावरण दिया है।दंगाइयों व पेशेवर माफियाओं के खिलाफ आप सबने बुलडोजर के बेहतर उपयोग को भी देखा है।

## यूक्रेन में फंसे यूपी के 227 छात्रों को सुरक्षित वापस लाई सरकार : कुल 2501 विद्यार्थी थे वहां पर

लखनऊ ब्यूरो : यूक्रेन में फंसे उत्तर प्रदेश के 2501 छात्र–छात्राओं को सुरक्षित भारत लाने के लिए सरकार ने कमर कस ली है। इनमें से 227 छात्र–छात्राओं को भारत लाया जा चुका है। बाकी छात्र–छात्राओं को वहीं सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद का कहना है कि ऐसी विषम परिस्थितियों में देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ–साथ यूपी के छात्र–छात्राओं को सुरक्षित लाने के लिए केंद्र सरकार ने अपने चार मंत्रियों को लगाया है। ये मंत्री निकट के देशों में भी कैंप कर रहे हैं। यूक्रेन में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद को इस मिशन का नोडल अधिकारी बनाया है। राहत आयुक्त ने बताया कि 227 छात्र छात्राएं वापस लाए जा चुके हैं। बाकी छात्र छात्राओं को रोमानिया, पोलैंड, हंगरी और स्लोवाकिया में रखा गया है जहां से विदेश मंत्रालय के माध्यम से उन्हें गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। कंट्रोल रूम शुरू उत्तर प्रदेश सरकार ने राहत आयुक्त कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। राहत आयुक्त के मुताबिक 1070 नंबर पर 15 लाइन की



हेल्पलाइन भी शुरू कर दी गयी है। इस नंबर पर कोई भी कॉल करके अपनी परेशानी बता सकता है। इसे तत्काल विदेश मंत्रालय को भेज दिया जाता है। इसके अलावा राज्य सरकार ने 9454441081 नंबर भी जारी किया है, लेकिन मदद मांगने वालों का कहना है कि यह फोन कोई उठा नहीं रहा है।

## भर्ती में धांधली की जांच विजिलेंस को : वर्ष 2008–09 में अपात्रों को नौकरी देने का प्रकरण

लखनऊ ब्यूरो : यूपीसीडा में हुई भर्तियों में धांधली की जांच विजिलेंस को सौंप दी गई है। ये भर्तियां वर्ष 2008–09 में हुई थीं। बाद में पता चला कि अधिकतर पदों पर अपात्रों को नौकरियां दे दी गईं। न्यूनतम अर्हता और तय मानकों तक का ख्याल नहीं रखा गया। इन गड़बड़ियों में तत्कालीन सीईओ समेत छह अधिकारियों का नाम सामने आ रहा है। नतीजतन, जांच विजिलेंस से कराने का निर्णय लिया गया। बसपा शासन में 2008–09 में उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) में 179 पदों पर भर्तियां हुई थीं। ये पद समूह 'ग' व 'घ' के थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन नियुक्तियों में नियम–कायदों का पालन करने के बजाय सिफारिश को तरजीह दी गई। कई अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच तक नहीं की गई। कई चयनित अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जो तब निर्धारित योग्यता भी पूरी नहीं करते थे। आला अधिकारियों की संलिप्तता शासन के सूत्रों के मुताबिक, पूरे प्रकरण में तत्कालीन सीईओ, एसीईओ के अलावा महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों की संलिप्तता मिली है। विभागीय अधिकारियों का भी कहना है कि विजिलेंस की जांच में कई अधिकारियों के अलावा गलत ढंग से नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई तय है। अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने बताया कि जांच की संस्तुति अपर मुख्य सचिव, विजिलेंस को भेज दी गई है।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## तत्काल मौके पर पहुंचती है एंबुलेंस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदरनगर आलमबाग के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि 108 नंबर पर कॉल किया गया तत्काल इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनिल कुमार तिवारी पायलट अरुण गाड़ी संख्या यूपी 32 बीजी 9017 के साथ तत्काल वीआईपी रोड पर कांशी राम स्मारक के पास पहुंचे और घटनास्थल से घायलों को तत्काल लाकर लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया । बताया गया है कि वीआईपी रोड कांशी राम स्मारक के पास ऑटो और मारुति में टक्कर हुई थी जिसमें 22 वर्षीय प्रीति शर्मा समेत कई लोग घायल हो गए थे, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनिल कुमार तिवारी ने लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया।



## मथुरा में महिलाओं के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा : गोली लगने से एक की मौत

मथुरा ब्यूरो : मथुरा जिले के थाना मगोर्रा क्षेत्र के नगला हमला में महिलाओं के विवाद को लेकर दो पक्षों में गोलियां चल गईं। घटना के दौरान एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को



भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबित बुधवार शाम को गांव के लाल सिंह और प्रेमसिंह उर्फ प्रेमा पक्ष की महिलाओं में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि देर रात को दोनों पक्षों के लोग आमने–सामने आ गए। गोलियां चलने लगीं। गोलियां चलने से गांव में दहशत फैल गई। प्रेम सिंह पक्ष का भजन सिंह गोली लगने से घायल हो गया। उपचार को ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपी पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ कर रही है।

## प्रदेश के 12 निजी आयुर्वेदिक कॉलेजों की मान्यता रद्द

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में 12 निजी आयुर्वेदिक कॉलेजों की मान्यता रद्द कर दी गई है। इससे प्रदेश में बीएएमएस की 880 सीटें कम हो गई हैं। केंद्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सा परिषद की जांच में 27 आयुर्वेदिक कॉलेज मानक के अनुरूप नहीं पाए गए हैं। इनमें से 12 यूपी के हैं, जिनकी मान्यता रद्द करते हुए सभी मानक पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में आठ सरकारी कॉलेजों में बीएएमएस की 60–60 सीटें हैं। जबकि 57 निजी कॉलेजों में लगभग 5000 सीटें हैं। आयुर्वेद विभाग के निदेशक प्रो. एसएन सिंह ने बताया कि जिन कॉलेजों की मान्यता रद्द की गई हैं, उन्हें दाखिले के लिए बृहस्पतिवार से होने वाली काउंसिलिंग से बाहर कर दिया गया है। इन कॉलेजों की मान्यता रद्द मिर्जापुर का अपेक्स, बिजनौर का भगवंत, हाथरस का प्रेम रघु, बलिया का शांति, अलीगढ़ का जेडी, आगरा का केवी व एमडी, फर्रुखाबाद का डॉ. अनार सिंह, अलीगढ़ का शहीद नरेंद्र, गाजीपुर का एसएनएसके, वाराणसी का श्रीकृष्ण और शिकोहाबाद आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज।



–सुविचार–
लोग हमें अच्छा समझें, इस इच्छा का त्याग कर निरन्तर अच्छे से अच्छा बननें की चेस्टा करें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अमृत महोत्सव : संविधान से मिलती है राष्ट्र को ऊर्जा

इस वर्ष हम लोग अपनी स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। पिछले सात दशकों में हमने अनेक क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मैं समझता हूं कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि हम अपने गणतंत्र की गरिमा को अक्षुण्ण रख सके हैं तथा अपने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ कर पाए हैं। वर्ष 1947 में हमें आजादी मिली और वर्ष 1950 में हमने अपना संविधान अपनाया तथा अपने देश को गणतंत्र घोषित किया।

तबसे लेकर अब तक जितने भी लोगों ने देश की बागडोर संभाली, मैं समझता हूं कि देश के विकास में और उसे अक्षुण्ण रखने में उन सबका योगदान रहा है। मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि पिछले साठ वर्षों में कुछ काम नहीं हुआ और मात्र दस वर्षों में ही देश में काम हुआ है। बेशक पिछले दस वर्षों में बहुत से काम हुए हैं, लेकिन उनसे पहले के साठ वर्षों में भी देश में बहुत से महत्वपूर्ण काम हुए हैं। उन सबके योगदान को सराहा जाना चाहिए। वे सभी राष्ट्रीय विभूतियां हैं और उन सबने देश को आगे बढ़ाने, देश का मान–सम्मान बढ़ाने का भरसक प्रयास किया।

उदाहरण के तौर पर देखें तो, एक जमाना था, जब दूध के लिए लाइनें लगती थीं, और हमारा आदमी सुबह चार बजे दूध के लिए लाइन में जाकर लगता था, तब दो बोतल या एक बोतल दूध मिलता था। लेकिन उसके बाद हमारे देश में श्वेत क्रांति हुई और हमारा देश न सिर्फ दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बना, बल्कि दुग्ध उत्पाद का निर्यात भी करने लगा। दुग्ध उत्पादन ही नहीं, डेयरी उत्पादों के निर्यात में भी भारत दुनिया में पहले स्थान पर है।

इसके अलावा, अनाज उत्पादन की बात करें, तो मुझे याद है कि अमेरिका से खाने के लिए लाल गेहूं मंगाया जाता था। आज उस गेहूं को हमारे देश में खाने लायक नहीं समझा जाएगा, लेकिन हम वही खाते थे, क्योंकि वही उपलब्ध था। लेकिन अब देश में इतने अनाज का उत्पादन होता है कि हम उसे विभिन्न देशों में निर्यात करते हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कृषि, उद्योग–धंधे सभी क्षेत्रों में हमने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

देश के संविधान की प्रस्तावना में स्वतंत्रता और समानता के जो वादे किए गए थे, उस दिशा में भी हम इन लोकतांत्रिक मूल्यों को अक्षुण्ण रख सके हैं। अगर हम अपने पड़ोसी देशों की तरफ देखें, तो बोलने की स्वतंत्रता, अपना विचार रखने की स्वतंत्रता या तो बिल्कुल नहीं है या उतनी नहीं है, जितनी हमारे देश में है। हमारे देश में प्रधानमंत्री की रोजाना दिन–रात आलोचना होती है, लेकिन किसी का कुछ नहीं होता है।

मैं समझता हूं कि हमारे देश में लोगों को अभिव्यक्ति की बहुत ज्यादा स्वाधीनता है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अति है कि देश के प्रति और सरकार के प्रति जहर उगला जाता है और उसकी भी आजादी है। स्वतंत्रता, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता को हम सुरक्षित रख सके, यह हमारे गणतंत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हालांकि अब तक हमारे संविधान में 104 संशोधन हो चुके हैं, लेकिन अब भी हमारे देश में वही संविधान लागू है, जो 1950 में लागू किया गया था।

जबकि दूसरे महायुद्ध के बाद जितने संविधान लागू हुए, हमारे देश को छोड़कर अन्य देशों में या तो उन्हें खारिज कर दिया गया, या वहां पर सैन्य तंत्र लागू हो गया या नए संविधान आ गए। लेकिन हमारा संविधान देश की एकता और अखंडता के लिए शक्ति का बहुत बड़ा स्तंभ बना हुआ है, जिससे राष्ट्र को ऊर्जा मिलती है।

हालांकि विभिन्न राजनीतिक दल अपनी विचारधारा के अनुसार जब–तब यह आरोप लगाते हैं कि सरकारों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण किया है, लेकिन मैं समझता हूं कि हम अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को जितना स्वतंत्र और अक्षुण्ण रख पाए हैं, उतना कोई और देश नहीं रख पाया है। जहां तक धर्मनिरपेक्षता की बात है, मैं बता दूं कि संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द नहीं है, बल्कि पंथ निरपेक्षता शब्द है।

इसे संविधान में आपातकाल के दौरान तुष्टिकरण की नीति के तहत संशोधन के जरिये जोड़ा गया था। सही अर्थों में अगर इसे लिया जाए, तो इसका मतलब है कि सभी धर्मों के प्रति, सभी पंथों के प्रति सरकार का एक–सा व्यवहार हो। मैं समझता हूं कि इसमें विवाद की कोई गुंजाइश नहीं है कि हमारे यहां सभी धर्म के लोगों को बराबर की धार्मिक स्वतंत्रता मिली हुई है। हमारे देश में जितने भी अल्पसंख्यक धर्म हैं, उनके प्रति अधिक सहिष्णुता दिखाई जा रही है।

हमारी संसद जनता का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि जनता द्वारा चुने गए लोग संसद में कानून बनाते हैं। अब सवाल यह है कि जनता का प्रतिनिधि किसे माना जाए, क्योंकि सरकार और विपक्ष, दोनों के सांसद जनता द्वारा ही चुने जाते हैं। लोकतंत्र स्पष्ट रूप से बहुमत का शासन है, ऐसे में बहुमत की सरकार ही जनता की प्रतिनिधि है। जनता द्वारा चुने गए सांसदों के बहुमत की सरकार को जनता का प्रतिनिधि मानें या जो सत्ता परिवर्तन के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, उन्हें जनता का प्रतिनिधि मानें? भारी बहुमत से बनी सरकार को अगर जनता की आवाज न समझें, तो यह लोकतंत्र नहीं हुआ।

मैं समझता हूं कि पिछले सात दशकों में हमारे गणतंत्र पर आम लोगों का भरोसा काफी बढ़ा है। बीच के कुछ समय में हमने देखा कि हमारे देश में किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलता था। एक–एक वोट से सरकारें गिरीं। लेकिन अब अगर भारी बहुमत से देश में सरकारें बन रही हैं, तो इसके मायने हैं कि लोकतंत्र के प्रति आम लोगों का, पंक्ति के आखिरी व्यक्ति का भरोसा बढ़ा है।

जब बहुमत की सरकारें नहीं बनती थीं या एक–एक वोट से सरकारें गिर जाती थीं, तब कहा जा सकता था कि लोगों का लोकतंत्र पर से भरोसा उठ रहा है, लेकिन सौभाग्य से अब देश में बहुमत की सरकारें बन रही हैं और यह देश के लोकतंत्र के लिए सुखद ही कहा जाएगा। हमारे देश के गणतंत्र के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती सांविधानिक निरक्षरता है। संविधान के बारे में लोगों में शिक्षा और चेतना का अभाव है।

मैं समझता हूं कि सांविधानिक शिक्षा देश में अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि लोग लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिक कर्तव्यों के बारे में जान सकें। नागरिक अधिकारों की बातें होती हैं, लेकिन नागरिक कर्तव्यों की बातें नहीं होतीं। नागरिकों के मूल कर्तव्यों में सबसे पहला कर्तव्य है, संविधान के अनुदेशों का पालन करना। अब अगर संविधान के बारे में पता ही नहीं है, तो उसका अनुपालन कैसे होगा! इसलिए चाहे कोई किसी भी स्ट्रीम की पढ़ाई करे, सबके लिए संविधान की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे पर केस दर्ज : रुपये बांटने का आरोप

कुशीनगर ब्यूरो : कुशीनगर जिले के बुधवार की रात तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर मिले अशोक मौर्य के खिलाफ विशुनपुरा थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार की भोर में मुकदमा दर्ज कर लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के पुत्र अशोक मौर्य के खिलाफ पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कर परिचितों की सुपुर्दगी में सख्त हिदायत के साथ बाहर भेज दिया। उन्हें चेतावनी दी है कि जनपद की सीमा के अंदर प्रवेश न करें। बता दें कि बुधवार की देर शाम किसी ने पुलिस को सूचना दी कि स्वामी प्रसाद मौर्य के पुत्र अशोक मौर्य पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर पहुंचे हैं। सूचना देने वाले ने वहां रुपये बांटे जाने की शिकायत की थी। रात के तकरीबन साढ़े आठ बजे विशुनपुरा थाने की पुलिस और एसटीएफ मौके पर पहुंची। उन्हें अपने साथ लेकर विशुनपुरा थाने चले गए। पुलिस ने उन्हें थाने में बैठा रखा है। विशुनपुरा थाने के एसओ नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि प्रत्याशी या उनके समर्थक को दूसरे विधानसभा क्षेत्र में जाने पर



प्रतिबंध है, लेकिन वह तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में मिले हैं। उन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह निजी कार्य से आए थे। एसपी सचिंद्र पटेल ने भी बताया कि सूचना मिलने पर अशोक मौर्य को थाने पूछताछ के लिए ले जाया गया है।

## महराजगंज में रास्ता बंद होने से आहत ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार : आश्वासन के बाद माने

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले में रास्ते को रेलवे द्वारा बंद कर दिए जाने से आहत ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर गुस्से का इजहार करते हुए गुरुवार को दो घंटे तक मतदान करने से बहिष्कार कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद लोग मतदान किया। पनियरा विधानसभा का अंतिम गांव कुशीनगर जनपद के समीप कोटिया ग्राम सभा का एक टोला है। खुटमैदान जिसकी आबादी लगभग 500 है। ग्रामीणों का मुख्य रास्ता रेलवे ढ़ाले को 2017 में बंद कर दिया गया। ग्रामीण उस वक्त भी आंदोलित भी हुए थे। कई लोगों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन न तो रेल प्रशासन ने उनकी बात सुनी और न ही कोई जन प्रतिनिधि। बस ग्रामीण चुनाव का ही इंतजार करते है कि कोई तो जन प्रतिनिधि उनकी सुधि लेने आएगा, लेकिन ऐसा नहीं होता है। बृहस्पतिवार को आक्रोशित मतदाताओं ने गुस्से का इजहार कर मतदान का बहिष्कार कर दिया। दो घंटे तक मतदान शुरू नहीं हो सका। सूचना पर पहुंचे जखीरा चौकी प्रभारी संजय कुमार ने अधिकारियों को सूचित किया। जिस पर अपर उपजिलाधिकारी मदन वर्मा व क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य भी थोड़ी



देर बाद मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से बात कर ज्ञापन देने कि बात कही और अधिक से अधिक मतदान करने कि अपील की। अपर उप जिलाधिकारी ने बताया कि समझाने के बाद लोग मान गए और मतदान शुरू कर दिए। इस दौरान धीरज, मार्कण्डेय, पप्पू , भगवंत, रामप्रवेश, राजेंद्र, त्रिलोक, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

## मतदान के दौरान सरहद पर खड़ी रही भारत–नेपाल मैत्री बसें : जानिए क्या है वजह

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान दिल्ली काठमांडू चलने वाली भारत–नेपाल मैत्री संघ की तीन बसें दिल्ली से काठमांडू जाने के दौरान यात्रियों को लेकर सोनौली पहुंची। सीमा सील होने के कारण बसों को नेपाल में प्रवेश नहीं मिला। यात्रियों को खाने पीने की समस्या को देखते हुए सोनौली के कुछ युवा आगे आए और एक स्टाल लगा कर सोनौली में फंसे पर्यटको और यात्रियों के लिए चाय पानी की व्यवस्था की। बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे दिल्ली काठमांडू चलने वाली तीन बसें 150 यात्रियों को लेकर सोनौली पहुंची। सीमा सील और मतदान शुरू हो जाने के कारण उक्त तीनों बसों को एसएसबी ने रोक दिया। मतदान के कारण सोनौली की सभी दुकान बंद थी। इस दौरान नगर के युवा संतोष, सुदेश त्रिपाठी ने स्टाल लगा कर सभी यात्रियों और बच्चों को पानी बिस्कुट और चाय की व्यवस्था की। यात्री उदय थापा, संगीता, विष्णु निवासी बुटवल, पदम, गिरधारी, बासु निवासी काठमांडू ने बताया कि सोनौली में



मतदान के कारण सभी दुकान बंद हैं। बॉर्डर खुलने की प्रतिक्षा कर रहे हैं। एसएसबी इंस्पेक्टर आरएस अहीर ने बताया कि मतदान के दौरान सीमा सील है। किसी भी यात्री को आने जाने पर मनाही है। मतदान के बाद बसों को जाने दिया जाएगा।

## एफआईआर रद्द करने की मांग वाली याचिका में आरोपी के बचाव पर नहीं हो सकता विचार

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट (एएफआईआर) रद्द करने की मांग वाली याचिका पर विचार करते समय आरोपी के बचाव पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक वर्मा की खंडपीठ ने बरेली जिले के इज्जत नगर थाना निवासी कालीचरण द्वारा दायर एक याचिका को खारिज करते हुए दिया है। याचिका में आरोपी ने एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। याची कालीचरण पर महिला को परेशान करने, जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने का आरोप है। उसके खिलाफ इज्जतनगर थाने में धारा 302, 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। अदालत के समक्ष याची का तर्क था कि महिला को दुर्घटनावश जलने से चोटें आईं। उसके कहने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसकी मृत्यु के बाद शरीर को उसके पिता को सौंप दिया गया। न्यायालय के समक्ष यह भी कहा गया कि सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत आवेदन दाखिल करने से पहले मृतका के पिता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत में याचिकाकर्ता के पक्ष में एक जांच की गई। हालांकि बाद में 18 मार्च 2021 को याची ने महिला के पिता को फोन कर उसकी मौत की सूचना दी थी। यह तर्क दिया गया कि कथित घटना और उपचार के बारे में पहले मृतका के पिता को




कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। जिसके बारे में कहा जाता है कि महिला का कई अस्पतालों में उपचार हुआ। दोनों पक्षों के वकीलों को सुनने और प्रथम सूचना रिपोर्ट के अवलोकन पर न्यायालय ने पाया कि एफआईआर में संज्ञेय अपराध के तत्व शामिल हैं। इसे देखते हुए कि कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

## मई से पहले शुरू नहीं होगा मदरसों में नया शैक्षिक सत्र : बोर्ड की परीक्षाओं का कार्यक्रम अभी तय नहीं

लखनऊ ब्यूरो : मदरसों में नया शैक्षिक सत्र मई से पहले नहीं शुरू हो सकेगा। दरअसल, अभी तक बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है और चार अप्रैल से रमजान भी शुरू हो रहा है। दूसरी ओर कोरोना महामारी के कारण पठन–पाठन का सत्र लगातार देरी से चल रहा है। मदरसा बोर्ड की इन परीक्षाओं का शिड्यूल यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के साथ ही जारी होता है। जबकि इस बार यूपी बोर्ड ने अभी तक दसवीं की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी नहीं किया है। पहले कोरोना और फिर विधानसभा चुनाव के कारण इसमें देरी हो रही है। हालांकि माना जा रहा है 10 मार्च के बाद यूपी बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम जारी करेगा। उसी आसपास मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी होगा। ऐसे में मदरसों में एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू नहीं हो सकेगा। उम्मीद है कि सात मई के बाद ही नया शैक्षिक सत्र शुरू हो सकेगा। उधर, रमजान चार



अप्रैल से शुरू हो रहा है। ऐसे में अगले एक माह तक मदरसों में पढ़ाई नहीं हो पाएगी। पर, तब तक 11वीं को छोड़कर अन्य कक्षाओं में दाखिले हो चुके होंगे। मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार एसएन पांडेय ने कहा कि नया शैक्षिक सत्र मई से ही शुरू हो पाएगा। बोर्ड कार्यक्रम जारी होने का इंतजार है। पर, हमारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## मंत्री स्वाति सिंह के पति भाजपा प्रत्याशी दयाशंकर के काफिले पर हमला : हत्या की साजिश का आरोप

बलिया ब्यूरो : बलिया जिले की नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के काफिले पर दुबहर थाना इलाके के आखार में रात लगभग 12:30 बजे हमला हुआ। हमले में उनके साथ चल रहे भाजपा नेता टुनजी पाठक का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सुरक्षाकर्मियों के मोर्चा संभालने पर हमला करने वाले भाग निकले। इस दौरान लखनऊ में पंजीकृत एक वाहन और उसके ड्राइवर को पकड़ लिया गया। पकड़ा गया वाहन नगर विधानसभा से सपा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी नारद राय के काफिले का है और लखनऊ में पंजीकृत है। दयाशंकर सिंह ने आरोप लगाया कि जिस तरीके से कृष्णानंद राय की हत्या की गई। उसी तरीके से मेरी हत्या करने की साजिश रची गई है। मेरे साथ वाई श्रेणी की सुरक्षा है और निजी सुरक्षा गार्ड भी हैं। इस कारण से हमलावर भाग गए। जिस प्रत्याशी का वाहन है उसके संबंध मुख्तार अंसारी से हैं। इस साजिश के पीछे मुख्तार अंसारी भी हो सकते हैं। फिलहाल पकड़े



गए वाहन और उसके ड्राइवर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि वाहन पर हमला हुआ है एफआईआर पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## हिजाब के मामले में गूंगे हो जाते हैं अखिलेश यादव : मिर्जापुर के चुनावी जनसभा में ओवैसी ने घेरा

मिर्जापुर ब्यूरो : समाजवादी पार्टी अभी सत्ता में नहीं है। इसके बावजूद भी अपने मंच पर किसी अल्पसंख्यक समाज के मुसलमानों को बिठाने से कतराती है। हिजाब के मामले में अखिलेश गूंगे हो जाते हैं। यह बातें ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने चुनावी जनसभा में कही। नगर विधानसभा क्षेत्र के बड़ी बसही स्थित एक स्कूल के ग्राउंड पर आयोजित जनसभा में एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई हम और बाबू सिंह कुशवाहा साहब लड़ रहे हैं। कहा कि हम लोग हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि गरीब मजलूम पिछड़ा और दबी कुचली जनता को उनका हक और हिस्सा मिल सके। ओवैसी ने आगे कहा कि इस विधानसभा में अभी बहुत से काम होना बाकी हैं। उत्तर प्रदेश की जनता ने पांच साल की सत्ता भाजपा को दी। मगर आप जानते हैं कि इस विधानसभा क्षेत्र में जो शास्त्री ब्रिज मिर्जापुर को पूरे पूर्वांचल से मिलाता है अब वह इतना खराब हो चुका है कि कभी भी गिर सकता है। विकास का ढिंढोरा पीट रही भाजपा सरकार मगर, इसके बावजूद योगी और मोदी डबल इंजन की सरकार विकास का ढिंढोरा पीट रही है। जनाधिकार पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने



की अपील करते हुए कहा कि हिस्सेदारी और भागीदारी की लड़ाई में आप मजलिस के साथ मजबूती से रहिए। उन्होंने कहा कि नाइंसाफियों का खात्मा उसी वक्त होगा जब विधानसभा में आप की वोट और आशीर्वाद से गरीब और मजलूम आवाम का एक नुमाइंदा विधायक बनकर जाएगा। आप अपने वोट का इस्तेमाल कीजिए और मजलिस को मजबूत बनाइए। कहा कि यहां हम अपने लिए नहीं आए हैं बल्कि इसलिए आए हैं कि आपको सामाजिक न्याय मिल सके इस मौके पर पार्टी प्रत्याशी मौजूद रहे।

## 48 सीटों पर कांग्रेस की मजबूती से चुनावी समीकरण प्रभावित : बताना मुश्किल है किसकी होगी जीत

बढ़ती उम्र के साथ गहरी हुई लोकतंत्र की मजबूती में आस्था : लड़खड़ाते कदमों से बूथों पर पहुंचे बुजुर्ग मतदाता

महराजगंज महराजगंज जिले में बृहस्पतिवार को मतदान के दौरान बुजुर्गों में उत्साह दिखा। बढ़ती उम्र के साथ ही लोकतंत्र की मजबूती में उनकी गहरी आस्था भी दिखी। लड़खड़ाते कदमों से बूथों की ओर पूरे जज्बे के साथ पहुंचे, तो सुरक्षा कर्मियों ने भी उनका उत्साह बढ़ाया। एनसीसी स्काउट गाइड ने भी पूरा सहयोग किया। बूथों पर मतदान के दौरान कोई असुविधा न हो, इसका पूरा इंतजाम किया गया था। बूथ संख्या 413 व 415 बसंतपुर प्राथमिक विद्यालय पर 90 वर्षीय ज्ञानती देवी को एनसीसी कैडेटों ने बूथ तक पहुंचाकर मतदान कराया। उन्होंने कहा कि मतदान बेहद जरूरी है, उम्र बढ़ गई … को समझती हूं। ऐसे में मतदान करने पहुंची। जब भ… हुंचती हूं। मतदान कराने के लिए प्रशासन ने बेहतर व्य… । नौतनवां विधानसभा के बूथ संख्या 53 में मतदान क… पत्नी सलहंता के साथ पहुंचे। पति–पत्नी दोनों ने ब… करना चाहिए। देश एवं प्रदेश की मजबूती के लिए म… ने वाले पूर्व केन यूनियन के चेयरमैन भुवनेश्वर मिश्र (… कुछ देर अपनी बारी आने का इंतजार किए। मतदान करने के बाद उन्होंने बताया कि जागरूक नागरिक का फर्ज है कि वह अपने मत का प्रयोग करें। मतदान करके बहुत अच्छा लगता है। युवा पीढ़ी को चहिए की वह लोकतंत्र की मजबूती में मतदान कर सहयोग करें। पनियरा क्षेत्र के मतदान केंद्र बैदा बूथ संख्या 11 पर मतदान करके बाहर आने पर कुशहर गुप्ता ने बताया कि मतदान करना कभी नहीं भूलता हूं। निचलौल शहर के राजा रत्न सेन बूथ पर परमा देवी (75) मतदान करने पहुंची। सिसवा कस्बे में मेहदिया बूथ पर प्रमिला अपने पति विनोद के साथ मतदान करने पहुंची। सभी मतदाताओं में उत्साह की लहर दिखी। सोहगीबरवां गांव में बूथ पर 100 वर्षिय चंपा देवी मतदान करने पहुंची।



## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम से पूर्व टी डी कालेज मैदान में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया भूमि पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के पूर्व टी डी कालेज के मैदान का भूमि किये। साथ मे प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला एव पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील मिश्रा उपस्थित रहे। प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने बताया कि कल माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तिलकधारी सिंह महाविद्यालय में नौ विधानसभा के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे और अपने कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरेगे। उन्होंने कहा कि जिसने बूथ जीत लिया उसने चुनाव जीत लिया इसी के तर्ज पर आदरणीय मोदी जी बूथ जीता–चुनाव जीता का मंत्र का मन्त्र देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जनता खुश है और जनता प्रदेश में और देश में केवल भाजपा का ही शासन चाहती है। आवश्यकता है कि बूथ लेवल के वोटर तक कार्यकर्ता पहुँचकर उनका वोट बूथ तक पहुँचा दे। केवल भाजपा ही विकास के कार्य कर सकती है। मनीष शुक्ला ने आगे कहा कि जैसा पश्चिमी उत्तर प्रदेश से रुझान आ रही है उससे एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कमल खिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के द्वारा माफियाओं के खिलाफ की गई कार्रवाई सराहनीय है, इस कदम से उत्तर प्रदेश से माफियाराज का अंत हुआ। योगी जी ने माफियाओं को बिल में घुसा दिया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, उमाशंकर सिंह, आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, आशीष गुप्ता, कृष्ण कुमार जायसवाल, नंदलाल यादव, विपिन सिंह, विपिन द्विवेदी, रामकृष्ण नारायण, इन्द्रसेन सिंह, प्रतीक मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान 37,021 संदिग्धों की हुई जांच

जौनपुर सू.वि. : 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान में जनपद में 37,021 संदिग्ध लोगों की जांच की गई और 15 कुष्ठ रोगी चिह्नित हुए जिनका उपचार चल रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) तथा नोडल अधिकारी डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि विभाग के नान मेडिकल असिस्टेंट तथा नान मेडिकल सुपरवाइजरों ने प्रधानों के सहयोग से 21 ब्लाकों तथा शहरी क्षेत्र में अपने–अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि कुष्ठ रोग एक बीमारी है जो इलाज से पूर्णतया ठीक हो जाती है। इसका देर से इलाज शुरू होने पर विकलांगता शुरू हो सकती है। इसलिए लोगों से समय से उपचार कराकर विकलांगता से बचने की अपील की गई। ग्राम प्रधानों के सहयोग से जिले के सभी 21 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर वाल पेंटिंग, कठपुतली नाच और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कुष्ठ कार्यालय में कुष्ठ निवारण तिथि से अभियान की शुरुआत हुई जिसमें कुष्ठ प्रभावित लोगों को माइक्रो सेल्युलर रबर (एमसीआर) चप्पलें बांटीं गईं, उन्हें अपने घाव की साफ–सफाई के लिए सेल्फ केयर किट दी गई। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा का संदेश पढ़कर सुनाया। लोगों ने कुष्ठ प्रभावित लोगों से कोई भेदभाव नहीं करने का भी संकल्प लिया। साथ ही किसी दूसरे व्यक्ति को भी भेदभाव नहीं करने देने, प्रभावित लोगों से जुड़े कलंक और भेदभाव समाप्त करने, उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पूर्ण योगदान देने का संकल्प लिया। एसीएमओ डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि जनपद में 2021 से ही एक्टिंग केस डिटेक्शन एंड रूटीन सर्विलांस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के लिए 829 टीमें बनाई गईं हैं। प्रत्येक टीम में एक आशा कार्यकर्ता तथा उसके साथ एक पुरुष



सहयोगी हैं और इस तरह से 1658 लोग काम कर रहे हैं। यह टीमें घर–घर भ्रमण करती हैं। इस दौरान पुरुष सहयोगी पुरुषों में तथा आशा कार्यकर्ता महिलाओं में देखते हैं कि किसी के चमड़े में दाग के साथ शून्यता तो नहीं है, जिसमें ऐसा दिखता है उसे नजदीकी प्राथमिक (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर भेजते हैं। संदिग्धों को मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) दवा दी जाती है। अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग की शुरुआत में ही पहचान कर मरीज को दवा खिलाने की शुरुआत कर देना है जिससे कि मरीज को विकलांगता से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस समय नए सिरे से टीम बनाने का प्रयास हो रहा है जिसमें लगभग 450 टीमें बनेंगीं और 900 के लगभग लोग मरीजों को खोजने के अभियान में लगेंगे। अप्रैल 2021 से अब तक 83 कुष्ठ रोगियों का उपचार चल रहा है जबकि इस दौरान 83 कुष्ठ रोगी उपचार कर ठीक भी किए जा चुके हैं। लक्षण और बचाव – डॉ प्रभात ने बताया कि कुष्ठ रोग की प्रारम्भिक स्थिति में मरीजों में दाग के साथ ही दागवाले स्थान पर शून्यता जैसी स्थिति महसूस होती है। खुजली या दर्द नहीं होता है, त्वचा का रंग हल्का तैलीय हो जाता है। ऐसे लक्षणयुक्त व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराकर तुरंत मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) दवा शुरू करा देनी चाहिए।

## जाति देख कर चल रहा बाबा का बुलडोजर– प्रमोद तिवारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में अद्भुत क्षमता है, वर्ष 19 77 की आजादी में यहाँ के लोगों ने दीपक जलाने का किया था बदलापुर। राज्य सभा के पूर्व सांसद तथा कांग्रेस के स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर में गलत कंप्यूटर फीड हो गया है जो जाति देख कर चलता है। जौनपुर के लोगों में गजब का जज्बा और अद्भुत क्षमता है! 1977 की आंधी में जब सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गये थे उस समय यहाँ के लोगों ने सदन में अपना विधायक भेंज कर दीपक जलाने का काम किया था। राष्ट्र की स्मिता बचाने तथा मुल्क के आम आवाम की तरक्की एवं खुशहाली के लिए कांग्रेस के दो प्रधानमंत्रियों ने अपनी कुर्बानी दी है! वह गुरूवार को क्षेत्र के श्री बजरंग पीजी कॉलेज मे आयोजित पार्टी की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यदि माफिया व अपराधी करण की बात की जाय तो भाजपा उसकी अम्मा है! उन्होंने कहा कि मैने भाजपा के 31 ऐसे मंत्रियों को चिन्हित किया है जो माफिया हैं! बस फर्क यह है कि यदि आप भाजपा का दुपट्टा लिए हैं तो आप माफिया नहीं हैं! उसका उदाहरण जौनपुर है! उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि 70 वर्षों में कांग्रेस ने क्या किया ? मैने पेट्रोलियम, कोयला ,एयर इंडिया जैसी व्यवस्थाओं को दिया था जिसे देश की भाजपा सरकार ने बेच दिया ! इसलिए ए लोकप्रिय नहीं बल्कि बेचू राम सरकार के नाम से जानी जाती है। उन्होंने कहा कि 4 गुजराती मोदी,शाह, अंबानी, अडानी देश को लूटने का काम कर रहे हैं। इनसे देश का भला होने वाला नहीं है। यह सरकार गरीबों मजदूरों को सिर्फ और सिर्फ धोखा देने का काम कर रही है। चाहे किसानों के आय दुगुनी करने अथवा खातों में 15 लाख रुपए देने की बात हो! इनके सभी वादे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंने यूक्रेन और सोवियत संघ के युद्ध युद्ध में सेना द्वारा भारतीय छात्रों को बंधक बनाए जाने की बात कही। और कहा कि स्थिति देश की इतनी देनी है कि हमारे भारतीय छात्र यूक्रेन में फंसे हुए हैं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी चुनावी जनसभा संबोधित कर रहे हैं यह उनका नकारा पन है। देश का प्रधानमंत्री बहुत ही निष्ठुर और निर्दई है। एयर इंडिया बेचने का परिणाम आज यह रहा है कि वहां से कोई छात्र यदि हमारे देश में आना चाह रहा है तो एक टिकट का दाम 125000 है।

## नहर में बहता मिला अज्ञात वृद्ध का शव : पुलिस ने कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमॉर्टम के लिए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मतरी मथुरा गाँव के निकट नहर में एक वृद्ध का शव बहते हुए मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। उक्त गाँव के नया पुरवा निवासी ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह शारदा सहायक नहर के रजवाहे में एक शव पानी मे बहते देखा। शव बहने की सूचना पर पहुंचे पूर्व प्रधान रियासत अली ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। शव देखने से 70 वर्ष से अधिक वृद्ध का लग रहा था।उसके शरीर पर कही चोट या घाव के निशान नही था। वह धोती पहने हुए था। कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक अवनीश रॉय ने बताया कि देखने से लग रहा है कि मृतक शौच के बाद पानी लेने के दौरान नहर में फिसल कर चला गया होगा।डूबने से उसकी मौत हुई है। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नही हो सकी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही होगी।

## इग्नू के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि अब पांच मार्च तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 2745 के समन्वयक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि जनवरी सत्र में सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 5 मार्च 2022 कर दिया गया है । प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन है जिसमें छात्र अपना रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत सभी अभिलेखों को



अपलोड करने के पश्चात सीधे प्रवेश ले सकते हैं । अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश निःशुल्क दिया जा रहा है। अध्ययन केंद्र पर संचालित प्रमुख पाठ्यक्रमों में बी ए, बीए ऑनर्स, एम ए, बीकॉम, एमकॉम,एमबीए, डिप्लोमा इन काउंसलिंग एंड फैमिली थेरेपी, ग्रामीण विकास, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, आपदा प्रबंधन, 6 माह के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम व्यवसाय कौशल, मार्गदर्शन ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन है । डॉ. सिंह ने बताया इग्नू में प्रवेश लेने के पश्चात शिक्षार्थियों को विश्व स्तरीय अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही ऑनलाइन एवं ऑफलाइन परामर्श कक्षाओं का संचालन एवं शिक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार किसी भी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने की सुविधा इग्नू प्रदान करती है । समन्वयक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो अपने रेगुलर पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास के पाठ्यक्रम को करना चाहते हैं, वह इग्नू के माध्यम से कम अवधि वाले कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं । शिक्षार्थी प्रवेश संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित अध्ययन केंद्र एवं क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## विशेष पैकेज देकर बदलापुर को विकसित कर दूंगा – अखिलेश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदलापुर कडेरेपुर के मैदान मे चुनावी जनसभा को संम्बोधित करते हुए कहा बदलापुर के विकास के लिए पहले भी काम किया था चौबीस घंटे बिजली दिया था आगे भी दूगां बाबा दूबे को ऐतिहासिक वोटों



से जीता देना बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 2 हजार करोड़ का अलग से पैकेज देकर यहां के विकास को एक नया आयाम दूगां कोई भी गरीब परिवार आवास विहीन नहीं रहेगा सबसे पास अपना आशियाना होगा सबसे विकसित बदलापुर होगा जो बेरोजगार सामने खडें हो जिनती भी भर्ती खाली है सब को भर दूगा नौकरी बेरोजगारी साईकिल के बटन दबाने से खत्म होगी योगी बाबा के बुल्डोजर की हैन्डिल अपने बाबा दूबे को दे देना बुल्डोजर की हैन्डिल अब बाबा दूबे के हाथ होगा सरकार आने पर भाजपा के भ्रष्टाचारियों पर चलेगा बुल्डोजर वहीं पूर्व मंत्री अरुण दूबे ने आये सभी सम्मानित जनता का आभार व्यक्त किया मंच पर सभी वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे।

## बीएएलएलबी के परीक्षा फार्म 3 से 13 मार्च तक भरे जाएंगे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में अध्ययनरत बीएएलएलबी के विषम सेमेस्टर के समस्त छात्रों के परीक्षा फार्म 3 से 13 मार्च 2022 तक भरे जाएंगे। विभाग में इसकी हार्ड कॉपी 11 से 14 मार्च व इसका सत्यापन 15–16 मार्च को विभाग द्वारा किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह ने कुलपति निर्मला एस मौर्य के आदेश पर ये तिथियां घोषित की हैं। केंद्राध्यक्ष आईबीएम केंद्र डॉ. रसिकेश ने बताया की परिसर के सभी पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही वेबसाइट पर प्रकाशित होगी, परीक्षा की तिथि 22 मार्च 2022 से प्रस्तावित है , सभी छात्र इस निमित्त अपनी तैयारी रखें। कोविड प्रोटोकॉल के तहत मास्क, सेनेटाइजर और सामाजिक दूरी का पालन अनिवार्य शर्त है।

## विपक्षी दलों के हौसले पस्त हो चुके है : अनुप्रिया पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मधुपुर मे आयोजित जनसभा को सम्बोधित करती हुई अपना एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा अपना दल ,निषाद पार्टी के गठबंधन की बयार अब तूफान का रूप ले चुकी है। उन्होने कहा कि प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनेगी विपक्षी किसी भी मुगालते मे न रहे। विपक्षी पार्टियां बौखलाए हुए है।जनमानस का भाजपा के प्रति प्रेम देखकर विपक्षी हताश हो चुके है।लोकसभा और विधानसभा चुनाव मे आठ साल से भाजपा अपना दल का गठबंधन चल पूरी ईमानदारी से चल रहा है।उत्तर प्रदेश देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री दिया इसलिए यहां का चुनाव महत्वपूर्ण है।रूस यूक्रेन युद्ध में प्रत्येक भारतीय नागरिक को लाने के लिए चार केंद्रीय मंत्री लगे हैं।सभी नागरिकों को यूक्रेन से सकुशल सरकार निकाल रही है। प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है।देश मे मोदी प्रदेश मे योगी उपयोगी साबित हो रहे है।गुंडे माफिया प्रदेश छोड़ने पर मजबूर है।

## युक्रेन मे फंसा मेडिकल छात्र लौटा वापस : घर लोगो मे खुशी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सेमरी के जंघई निवासी एमबीबीएस का छात्र सकुशल घर वापस आ गया उसके घर पहुचते ही परिजन खुश हो गये। मीरगंज के सेमरी के जंघई निवासी अशोक कुमार उमरवैश्य का बेटा विशाल उमरवैश्य एमबीबीएस की पढाई के लिए 10 अक्टूबर 2018 को युक्रेन गया था। इन दिनों रुस द्वारा उक्रेन पर हमला के बाद काफी छात्र वहा फंसे थे। उसी मे जंघई विशाल भी था आज वह जंघई पहुच गया उसके घर पहुचने पर परिजनो मे खुशी है माता आशा देवी का खुशी का ठिकाना नही है वह काफी दिन से परेशान थी। विशाल ने बताया की 24 फरवरी को जब धमाका हुआ तो तोहर बिल्डिंग के नीचे बंकर मे छुप कर वह साथियों सहीत रह रहा था युनिवर्सिटी ने कोई मदद नही की युनिवर्सिटी ने कहा जब एम्बेन्सी ने बोला था तब क्यो नही गये उन्होंने कहा की वह उक्रेन से रोमानिया तक अपने खर्चे से पहुचा फिर वहा से भारत सरकार द्वारा एअर इण्डिया की एअर लाइन्स ले दिल्ली ले आया उसके बाद यूपी सरकार ने प्रयागराज तक पहुचवाया जहा से वह घर पहुच पाया।

## थाना रामपुर पुलिस / एफएसटी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कुल 58,500 रूपया किया गया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामपुर ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 03/03/2022 समय 00.45 ।ड बजे बरसठी तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग के दौरान हमराह पुलिस बल के सहयोग से संदिग्ध व्यक्ति सुभाष चन्द्र पुत्र रामकिशुन निवासी नोनरा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर के पास से कुल 58,500 रूपया (कुल अठावन हजार पाँच सौ रूपया), 500 रूपया के 117 नोट बरामद किया गया । एफएसटी टीम मजिस्ट्रेट श्री सुनील कुमार यादव को अवगत कराया गया, एफएसटी टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये उक्त संदिग्ध धन को जब्त किया गया । जब्त धन का विवरण– 1. कुल 58,500 रूपया (कुल अठावन हजार पाँच सौ रूपया), 500 रूपये के 117 नोट। बरामदगी टीम–1. थानाध्यक्ष ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 2. का0 आकाश चौहान थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 3. का0 राहुल गुप्ता थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 4. आ0चा0 शशिकान्त तिवारी थाना रामपुर जौनपुर।

## जनपद जौनपुर के शिक्षक/कर्मचारियों ने अपने मुद्दे पर किया जमकर वोटिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज में द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के समय दोनों सत्रों में प्रशिक्षण के उपरांत उत्साहित कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने समस्त नौ विधानसभाओं के फैसिलिटेशन सेंटर्स पर बैलट पोस्ट द्वारा विगत मुख्य प्रशिक्षण दिनों की अपेक्षा अंतिम दिन रिजर्व एवं छूटे हुए कार्मिकों द्वारा रिकॉर्ड तोड़ मतदान किया। ज्ञातव्य है कि प्रशिक्षण में लगे कर्मचारियों एवं शिक्षकों द्वारा दिनांक 24 फरवरी को 1195, 25 फरवरी को 1696, 26 फरवरी को 1543, 27 फरवरी को 1681, 28 फरवरी को 1674, 01 मार्च को 1776 एवं 02 मार्च को 1703 एवं 3 मार्च को 1422 बैलट मतों का प्रयोग पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्वक किया गया, जिससे अब तक जनपद जौनपुर के कुल 12680 मतदान कर्मियों ने बैलट से मतदान किया। अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया था, जिसका असर हुआ कि शिक्षक/कर्मचारियों ने जमकर वोटिंग किया। कर्मचारियों में बहुत उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षण स्थल पर अटेवा के जिला मीडिया प्रभारी इंदुप्रकाश यादव, महामंत्री संदीप कुमार चौधरी, संगठन मंत्री संदीप यादव , जगदीश यादव , डॉ रजी अहमद ने सभी शिक्षक /कर्मचारियों का भरपूर सहयोग कर मतदान करवाया।

## जौनपुर रत्न से नवाजे गए मुंबई के वरिष्ठ साहित्यकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दौलतपुर गांव में गुरुवार को कमला प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में मुंबई के वरिष्ठ साहित्यकार शिवपूजन पाण्डेय को जौनपुर रत्न सम्मान से नवाजा गया। श्री पांडेय स्थानीय क्षेत्र के महमदपुर गांव के निवासी है। वे मुंबई जैसे महानगर में अपने साहित्य लेखन के बल पर अलग पहचान बना रखी है। उन्हें एक दर्जन से अधिक बार मेयर सहित अन्य सम्मान से पुरस्कृत किया जा चुका है। ट्रस्ट के अध्यक्ष इन्द्रमणि दूबे ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। वे जहाँ भी रहते है अंधेरो में रोशनी फैलाते रहते है। बिशिष्ट अतिथि एक दैनिक अखबार के संपादक डॉक्टर सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि समाज को सही दिशा मे ले जाने वाली शख्शियतो का सम्मान अन्य के लिए प्रेरणा का काम करता है। समारोह को राजेश यादव, अमर फाउंडेशन मुंबई के अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, डॉक्टर अविनाश सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर गुरुप्रसाद तिवारी, पंकज शर्मा, शैलेश सिंह, पिंटू पाण्डेय, बिनोद दूबे आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राम आसरे चतुर्वेदी व संचालन इंद्रमणि दुबे ने किया।

### ढेबरी के लव से रात में जले तीन मड़हे : किसान के गृहस्थी का सारा सामान हुआ नष्ट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत थाना के मुफ्तीगंज चौकी अंतर्गत ग्राम कन्हौली के ननकान बस्ती में मड़हे मे बसे राम जीत यादव पुत्र देवराज यादव के तीन मड़हे जलकर भस्म हो गए । जिसमे उनके दाल , चावल ,आलू ,गद्दा ,रजाई ,चौकी,पलंग बिस्तरा कुछ ,रोकड़ा पैस। आदि सब गृहस्थी समान जलकर बेकार हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार रामजीत की बहू अंजू देवी ने उजाला हेतु बीती रात ढेबरी जलाकर छोड़ दिया रात में लोग खाना पीना खाकर सो गएतो ढेबरी की लपट मड़हे के सर पत में पकड़ ली जब 11बजे रातको किसी बांस के चटकने जैसीआवाज रामजीत को मिली तभी वे चौककर उठे तो देखे की आशियाना जल रहा है।बडी जोरो से उठे और चिल्लाना शुरू किए तभी लगभग 11 बजकर 30मिनट हो गए थे आस पास के सैकड़ो लोगो ने उठकर सहयोग किया कोई मशीन से कोई हैंड पम्प के पानी से उस आग को ठंडा किये । तब तक सारा गृहस्थी का माल जल गया था ।रामजीत यादव की स्थिति बड़ी नाजुक है वे रो रोकर गुहार लगा रहे थे कि अब क्या हॉगा ।ग्राम प्रधान ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आपकी मदद होगी।

## बहुमत 5 चरण में ही मिल गई है लेकिन इतिहास बनाना बाकी है : पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार को जफराबाद विधानसभा से समाजवादी पार्टी एवं सुभाषपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय के समर्थन में समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारक एवं पूर्व सांसद बदायूं धर्मेंद्र यादव ने आज सिरकोनी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया तथा साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना भी किया। धर्मेंद्र यादव ने अपने संबोधन कहा पांच चरणों के मतदान में ही समाजवादी पार्टी गठबंधन पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुका है,अब इतिहास बनाना बाकी है। उन्होंने कहा कि 7 तारीख को ईवीएम में चुनाव चिन्ह छड़ी की बटन तब तक दबाएं जब तक ईवीएम की मशीन बंद न हो जाए, मेहनत में कोई कमी मत छोड़ना। उन्होंने कहा सपा के घोषणा पत्र को घर घर तक पहुंचा दो जनता आपको ऐतिहासिक मतों से जिताने के लिए तैयार खड़ी है ।इस अवसर पर सिरकोनी से लेकर कबूलपुर तक निकाली गई साइकिल रैली में हजारों कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। धर्मेंद्र यादव के अलावा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सरफराज खान पूर्व मंत्री श्री राम यादव रत्नाकर चौबे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव, विधानसभा प्रभारी रमेश साहनी, नंद लाल यादव पूर्व विधानसभा प्रभारी शिव संत यादव ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

### मतदाता जागरूकता अभियान में शतप्रतिशत मतदान की लोगों से की गई अपील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बरमलपुर चंदवक के निजी विद्यालय में अखिल वैश्विक क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इं. राहुल सिंह ने कहाकि लोकतांत्रिक चुनावी प्रकिया में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है।वयस्क नागरिकों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए साथ ही लोगों को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। पांच साल में एक बार होने वाले लोकतांत्रिक चुनाव प्रकिया में मतदान के प्रति लोगों की अरुचि चिंता का विषय है।हम सबकों इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।मतदान के प्रति लोगों को सचेष्ट करना पड़ेगा। कार्यक्रम में इकोनॉमिक्स विभाग के हेड डॉ. रमाशंकर सिंह ने लोकतांत्रिक व्यवस्था व चुनाव प्रक्रिया के विशेषताओं को विस्तार से बताते हुए कहा शतप्रतिशत मतदान करने के प्रति लोगों को प्रेरित करने की अपील की।कार्यक्रम को धीरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, आनंद सिंह, भानु प्रताप सिंह, पूर्व एसडीएम वेद सिंह ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन पवन कुमार सिंह तथा आगंतुकों के प्रति धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुरली पाल,दिवाकर सिंह, दिलीप सिंह करिया,सत्येंद्र सिंह डब्लू,ऋषिकेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बस द्वारा रोमानिया बार्डर पहुंची गरिमा : छात्रों को वतन वापस लौटने की जगी उम्मीद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय यूक्रेन में फंसी भारतीय छात्रा गरिमा पांडेय मेडिकल के छात्रों के समूह के साथ बुधवार की देर शाम रोमानिया बार्डर पहुची । गरिमा पाण्डेय को अब वतन वापस लौटने की उम्मीद जग गई है ।फिलहाल गरिमा को छात्रों के समूह में बार्डर पर शेल्टर होम में रखा गया है । क्षेत्र के शाहापुर गावं निवासी डाक्टर गजेन्द्र पाण्डेय की पुत्री यूक्रेन के डेनिपरो यूनिवर्सिटी में एम बी बी एस चतुर्थ वर्ष की छात्रा है ।डेनिपरो राजधानी कीव के निकट है । रूस द्वारा बमबारी शुरू हो जाने के बाद भारतीय दूतावास ने कीव और खरकीव से छात्रों को अपने संसाधन से निकल जाने की एडवाइजरी जारी की थी । सोमवार से ही गरिमा और उनके साथी छात्रों का दल वहां से बस द्वारा किसी सुरक्षित बॉर्डर तक पहुंचने की फिराक में था ।पहले हंगरी बार्डर जाने का इरादा था ।ड्राइवर द्वारा इंकार कर देने पर बुधवार को 20 छात्रों के समूह के साथ गरिमा पाण्डेय डेनिपरो से रोमानिया बार्डर के लिए बस द्वारा रवाना हुई ।प्रति छात्र 15 हजार रुपए में बस डेनिपरो से 1200 किलोमीटर दूर रोमानिया बार्डर पहुंची ।बस में भारतीय झंडा लगा हुआ था । रास्ते भर सभी छात्र भगवान से सुरक्षित बार्डर तक पहुंचने की प्रार्थना कर रहे थे ।भारत मे पिता डाक्टर गजेन्द्र पाण्डेय माँ रंजना पाण्डेय व परिवार के अन्य सदस्य हर घण्टे गरिमा का हाल लेते रहे। यूक्रेन से बार्डर तक पहुचने में करीब 24 घण्टे का समय लगा । बस कई स्थानों पर रुकना पड़ा कही जांच के लिए तो कही सायरन की आवाज आने पर आस पास बंकर में जाना पड़ा । रोमानिया बार्डर पर पहुंचे सभी छात्रों को शेल्टर रूम में रखा गया है ।भारतीय दूतावास की तरफ से खाना पीना तथा परिजनों से बात करने के लिए सिम कार्ड भी उपलब्ध कराया गया है । गरिमा ने बताया कि अब यहां पहुँच कर वतन वापसी की उम्मीद जग गई है ।उम्मीद है शनिवार या रविवार तक भारत आने के लिए फ्लाइट उपलब्ध हो जाए।

# माघ मेला 2022 सकुशल सम्पन्न कराने वाले पुलिस कर्मियों को एसपी माघ मेला डा. मिश्र ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित माघ मेला 2022 सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल द्वारा अत्यंत ही निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया गया।जिसके चलते पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र ने माघ मेला 2022 सकुशल संपन्न होने के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन्स के मान सरोवर सभागार में उत्कृष्ठ व सराहनीय योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।उन्होने इसी कड़ी में इस मेले की कवरेज के लिये देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल से जुड़े सभी रिपोर्टर व संपादक को भी बधाई दिया।वही शेष पुलिसकर्मियों को इस मौके पर जरिये उचित माध्यम से प्रशस्ति पत्र सम्बन्धित जनपद को प्रेषित किया गया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक माघ मेला डाक्टर राजीव नारायण मिश्र द्वारा समर्पण व सेवाभाव से किये गये कर्तव्य निर्वाहन की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।वही सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के संयुक्त योगदान के फलस्वरूप माघ मेला 2022 सकुशल व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।वही इसी कड़ी में 'माघ मेला प्रभारी एसपी डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल से खास बातचीत में बताया कि गत वर्ष के भांति इस इस वर्ष भी आयोजित माघ



मेला को कोविड –19 नियम के तहत शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ।जिसमे यहाँ पर तैनात सुरक्षा कर्मियो की अहम् भूमिका रही जो काफी सराहनीय रही।उन्होने बताया कि यहाँ पर तैनात सुरक्षा कर्मियो के सराहनीय कार्य के चलते मेले के दौरान कोई भी अप्रिय घटना नही घटी।वही इस मेले की विभिन्न समाचार पत्रो को प्रतिदिन समाचार देने के लिये मीडिया सेल व अपने समाचार पत्रो में न्यूज कवरेज करने के लिये सभी पत्रकारो व सम्पादको के साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक चौनलो के रिपोर्टरो व एडीटर इन चीफ की उन्होने भूरि भूरि प्रशंसा किया।

# डीएम आवास के बोर्ड का रंग हरा से भगवा होने पर लोग फोटो शेयर कर पूछ रहे ये क्या हो रहा?

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में डीएम आवास पर लगे बोर्ड का रंग बदल गया है। अभी तक लगे भगवा रंग के बोर्ड को हटा दिया गया है। उसकी जगह अब हरे रंग का बोर्ड लगा दिया गया है। अचानक हुए इस बदलाव से लोग आश्चर्य में हैं। भगवा रंग का बोर्ड उतारने की कार्रवाई को प्रदेश की सत्ता बदलने की आहट मान कर लोग कमेंट भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, लोग इसके फोटो भी जमकर शेयर कर रहे हैं। हालांकि, क्ड का कहना है कि इस बारे में लोक निर्माण विभाग ही बता सकता है। डीएम आवास पर भगवा रंग का बोर्ड, जिसे आज बुधवार को हटा दिया गया है। डीएम आवास पर भगवा रंग का बोर्ड, जिसे आज बुधवार को हटा दिया गया है।रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी के बोर्ड पहले से ही हरे रंग कक है, हालांकि, पर्यटन विभाग ने रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि मंदिरों और मार्गों से जुड़े बोर्ड पहले से ही हरे रंग के लगे हुए हैं। पर, अचानक डीएम आवास के बोर्ड का रंग हरा होने को लोग सत्ता में बदलाव की आहट से जोड़कर देख रहे हैं।दरअसल, यूपी में योगी सरकार बनने के बाद डीएम आवास के बोर्ड का रंग भगवा किया गया था। शहरे रंग का बोर्ड लगाने को लेकर सियासत में कई मायने निकाले जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह अयोध्या के अधिकारियों की बेचौनी का सबूत है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि कई अधिकारी भी सियासत के मौसम वैज्ञानिक होते हैं। लोग फोटो खींचकर एक–दूसरे को जमकर शेयर कर रहे




हैं।वही लोग फोटो खींचकर एक–दूसरे को जमकर शेयर कर रहे हैं। फिलहाल यह बात लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग इसके फोटो खींचकर एक–दूसरे को जमकर शेयर कर रहे हैं। उधर,इस संबंध में डीएम नीतीश कुमार का कहना है कि इस कार्रवाई को लेकर लोक निर्माण विभाग बता सकता है।हमें इसके बारे में जानकारी नहीं है। बताते चलें कि प्रदेश सरकार के पसंदीदा डीएम रहे अनुज कुमार झा को चुनाव से ठीक पहले अयोध्या से हटा दिया गया था। उन पर भगवाधारियों के काफी करीबी होने के आरोप लग रहे थे।

# बीए की छात्रा की हत्या में नया मोड़ : फरार चल रहे आरोपी ने पकड़े जाने के बाद किया चौंकाने वाला खुलासा

प्रयागराज ब्यूरो : कर्नलगंज में बेरहमी से मौत के घाट उतारी गई बीए की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। कत्ल कर कुएं में फेंके जाने से पहले उसके साथ ही दो अन्य युवकों ने दरिंदगी की थी। यह वही दो युवक थे जिनकी आवाज सुनकर छात्रा का दोस्त घबरा गया था और उसे वहीं छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने इनमें से एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार युवक मो. अफजल है जो घटनास्थल के ठीक बगल स्थित सादियाबाद मोहल्ले का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि मामले में मृतका के दोस्त और उसके दो साथियों को जेल भेजने के बाद जांच पड़ताल की जा रही थी। उन दो लोगों का पता लगाया जा रहा था, जिनका नाम मृतका के दोस्त ने अपने बयान में लिया था। सर्विलांस के माध्यम से सामने आया था नाम जांच पड़ताल के दौरान ही सर्विलांस व अन्य माध्यमों से अफजल व उसके साथी निसार का नाम सामने आया। ज्यादा जानकारी जुटाने पर पता चला कि दोनों अक्सर शाम को घटनास्थल के पास ही घूमते थे और वहां घूम रहे युवक–युवतियों को डरा धमकाकर शिकार बनाते थे। पुलिस का शक तब और गहरा गया जब दोनों घर छोड़कर फरार मिले। इसके बाद से उनकी तलाश शुरू की गई तो अफजल की लोकेशन मुंबई में मिली। जिस पर सुरागराशी जारी रही। तीन दिन पहले सटीक सूचना पर उसे छिंवकी स्टेशन से तब उठा लिया गया, जब वह शहर आ रहा था। हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने घटना में संलिप्तिता कबूल ली। बताया कि घटना वाली रात न सिर्फ उसने व उसके दोस्त ने छात्रा से दुष्कर्म किया, बल्कि उसे कुएं में भी फेंकने वाले वही थे। अचेत हालत में किया दुष्कर्म पुलिस के मुताबिक, अफजल ने बताया कि अमन छात्रा से जबरदस्ती कर रहा था जिस पर उसने शोर मचाया। आवाज सुनकर वह अपने साथी संग पहुंचा तो छात्रा अचेत पड़ी थी। इसके बाद उसने भी अपने दोस्त संग मिलकर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद छात्रा को कुएं में फेंककर भाग निकले। साथ ही शव मिलने के बाद पुलिस की गतिविधियां देखकर शहर छोड़कर चले गए। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि अफजल पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं कर चुका है। जिसमें पीड़ितों ने लोकलाज के भय के चलते शिकायत नहीं दर्ज कराई। फजीहत से बचने को गुपचुप तरीके से भेजा जेल इस मामले में खास बात यह रही कि पुलिस ने बेहद गुपचुप तरीके से आरोपी अफजल को जेल भेज दिया। इससे पहले उसे मीडिया के सामने भी नहीं लाया गया। सूत्रों का कहना है कि पूर्व में मामले के खुलासे को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हुए थे। जिनका जवाब अफसरों के पास नहीं था। यही वजह थी कि पुलिस इस बार मामले में फजीहत नहीं कराना चाहती थी। यही वजह थी कि इतने गंभीर मामले में भी सामने आकर जानकारी देने की बजाय आरोपी को गुपचुप तरीके से जेल भेजकर मामले की इतिश्री कर ली गई।

## उपजिलाधिकारी ने सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत अधिकारियों के साथ की बैठक

हरदोई रिपोर्टर जनार्दन निषाद : सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान को सफल बनाने के लिये सवायजपुर तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी ने प्रतिरोधा करने वाले और छुटे परिवारों को चिन्हित कर हर हालत में टीकाकरण कराने के निर्देश दिये। गुरुवार को तहसील सभागार में आयोजित मीटिंग के दौरान एसडीएम स्वाति शुक्ला ने बताया कि 07 मार्च से सघन मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत छुटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। विरोधी परिवारों के छूटे बच्चों को ब्लॉक् रेस्पांस टीम के द्वारा समझाकर टीकाकरण कराया जायेगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान में सभी विभागों का सहयोग लिया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान, कोटेदारों, व शिक्षा मित्रों का भी सहयोग लिया जायेगा। इस अभियान में किसी के द्वारा कोई शिथिलता नहीं बरती जायेगी। शिक्षा विभाग का भी पूर्ण रूप से सहयोग लिया जायेगा। उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने कहा कि सभी विभाग अपनी अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।मीटिंग में प्रभारी चिकित्साधिकारी हरपालपुर डॉ अमित कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी पाली डॉ आनन्द शुक्ला, खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत भरखनी,पूर्ति निरीक्षक, प्रतिनिधि खंड शिक्षा अधिकारी भरखनी,सीडीपीओ आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय बिजेंद्र सिंह के अध्यक्षता में किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ सी वी रमन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह तथा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, वैज्ञानिकों एवं छात्र – छात्राओं का का स्वागत् कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ वेद प्रकाश द्वारा किया गया।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सर सी वी रमन की महत्वपूर्ण खोज रमन प्रभाव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस खोज का प्रकाशन 28 फरवरी 1928 में विश्व की महत्वपूर्ण पत्रिका में प्रकाशित हुआ था।यह खोज इतनी महत्वपूर्ण था कि इनको 1930 में सर सी वी रमन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस समारोह में बहुत से छात्र–छात्राएं ने रमन प्रभाव के ऊपर व्याख्यान दिया।जिसमें मुख्य रुप से लक्ष्मी बी आर , सुगंधा चौहान, पुष्पित जोशी आदि ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। अध्यापक ६ वैज्ञानिकों में डॉ लक्ष्मी प्रसाद, बी पी पाल, डॉं सीताराम मिश्रा, डॉ नमिता जोशी अधिष्ठाता समुदायिक विज्ञान, इंजीनियर हरिश्चंद्र सिंह अधिष्ठाता महामाया कृषि अभियंत्रण कॉलेज, एवं डॉ आर के जोशी, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा विज्ञान ने रमन प्रभाव के ऊपर और इस विज्ञान दिवस की महत्ता को मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान के अपने सुझाव तथा व्याख्यान दिये।वही अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस विज्ञान दिवस समारोह के पर कृषि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।कृषि 2050 में कृषि का स्वरूप कैसा होगा, पौधों का मॉडल किस प्रकार के हो, उनमें पौधों की तत्वों की उत्पादकता कैसे बढ़ाई जाए, जिससे कि गरीब महिलाओं और बच्चों को उनके खाने के साथ ही उनको पोषण सुरक्षा भी प्रदान किया जा सके। इस तरह से विज्ञान के ऊपर तथा साथ ही में कृषि के विकास और आने वाले 2050 में कैसा स्वरूप होगा, विभिन्न पहलुओं पर कृषि वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा देश के खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रमुख दिशा निर्देश कुलपति महोदय ने दिए। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक शोध शंभू प्रसाद कर रहे थे। डॉक्टर जसवंत सिंह अपने उद्बोधन के साथ ही धन्यवाद प्रस्ताव भी ज्ञापित किये।

# सफाई के अभाव में पक्की रोड पर हो रहा जलभराव : राहगीरों के साथ ग्रामीण परेशान

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले में जहाँ एक ओर स्वच्छता अभियान बीच बीच में चलाया जा रहा है।वही ठीक इसके विपरीत राम नगरी के मिल्कीपुर क्षेत्र में गंदगी ही गंदगी दिखाई दे रही है।जिसके चलते आस पास के लोग परेशान दिखाई दे रहे है।सूत्र के मुताबिक सफाई न होने के कारण सिधौना गांव में प्रधानमंत्री सड़क के किनारे बनी नालियां बंद पड़ी हैं। जिसके कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।यहां कई दिनों से गंदा पानी जमा होने से मच्छर पनपने लगे हैं,जिससे आसपास के इलाके में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं, लोगों को मजबूरी में इस गंदे पानी से होकर ही आवाजाही करनी पड़ रही है।एक माह पूर्व इसी स्थान पर दूषित जल भराव हुआ था तब इसकी शिकायत ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मनीष कुमार मौर्या से की थी।जिसके बाद नालियों की साफ सफाई हो गई थी और दूषित पानी का जलभराव नहीं हो रहा था। लेकिन पुनः नालियों के पट जाने के चलते नालियों का पानी सड़कों पर भरा हुआ है।प्रधानमंत्री सड़क के किनारे नाली बनी हुई हैं। नालियों की सफाई नहीं होती है। जिससे ये नालियां पूरी तरह से जाम हैं। ऐसे में गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। आदित्य प्रताप, दिनेश कुमार, राजकुमार, महेश प्रसाद, आशुतोष सिहं ने बताया कि इस सड़क से सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है मार्ग पर गंदा पानी भरा रहता है जबकि शासन में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की तैनाती की है लेकिन उसके बावजूद भी सफाई नहीं हो रही है और नालियों का गंदा पानी निकल कर सड़कों पर भरा है।

# तहसीलदार मिल्कीपुर ने यूक्रेन में फंसे छात्र की बांसगांव पहुँचकर ली जानकारी

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर क्षेत्र में तहसीलदार ने यूक्रेन में एमबीबीएस की पढाई कर रहे एक छात्र के घर जाकर उनके परिजनो से जानकारी लिये।सूत्र के मुताबिक शाम 6 बजे के करीब यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे खुशीराम द्विवेदी 'दिव्य के पौत्र मनीष द्विवेदी की जानकारी प्राप्त करने के लिए तहसीलदार मिल्कीपुर उनके घर बांसगांव पहुँचे।वहाँ पहुँचकर उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और कहा कि प्रशासनिक स्तर पर हर सम्भव मदद की जाएगी।यह जानकारी देते हुए गाँव के ही उमानाथ शुक्ल ने बताया कि मनीष यूक्रेन से सकुशल निकल कर रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में पहुँच गए हैं।अब वहाँ से भारत लाने की तैयारी की जा रही है।इस मौके पर सांत्वना देने के लिए मनीष के मित्र आलोक शुक्ल, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश ओझा, अभिनेष ओझा व लेखपाल कमलेश तिवारी भी मौजूद रहे।

# अगले हफ्ते से भारत में बढ़ सकते हैं पेट्रोल और डीजल के दाम : 2014 के बाद सबसे हाई हुई कच्चे तेल की कीमत

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के अगले सप्ताह समाप्त होने के साथ ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने शुरू हो सकते हैं. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो चुकी है. इससे तेल कंपनियों को सामान्य मार्जिन हासिल करने को लेकर पेट्रोल–डीजल के दाम में नौ रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी करने की जरूरत है. रूस से तेल की आपूर्ति में व्यवधान की आशंका से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का दाम 2014 के बाद पहली बार 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गए. पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के मुताबिक, भारत जो कच्चा तेल खरीदता है उसके दाम एक मार्च को 102 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गए. ईंधन का यह मूल्य अगस्त 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं. पिछले साल नवंबर की शुरुआत में जब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि पर लगाम लगी थी, तब कच्चे तेल की औसत कीमत 81.5 डॉलर प्रति बैरल थी. ब्रोकरेज कंपनी जे.पी. मॉर्गन ने एक रिपोर्ट में कहा, ''अगले हफ्ते तक राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त हो जाएंगे. अनुमान है कि इसके बाद ईंधन की दरें दैनिक आधार पर बढ़ सकती हैं.'' उत्तर प्रदेश मे सातवें और अंतिम चरण का मतदान सात मार्च को होगा तथा उत्तर प्रदेश समेत सभी पांच राज्यों के लिए मतगणना 10 मार्च को होनी है. कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को पेट्रोल और डीजल पर 5.7 रुपये प्रति लीटर का घाटा उठाना पड़ रहा है।

# खुद को दुपट्टे से बांधकर गंगा में कूदी सगी बहनें : एक की मौत तथा दूसरी गंभीर

प्रयागराज ब्यूरो : यूपी के कौशाम्बी जिले में कड़ा धाम क्षेत्र के कुबरी गंगा घाट पे बने पांटून पुल से बुधवार रात दो युवतियों ने खुद को दुपट्टे से बांधा और गंगा में छलांग लगा दी। थोड़ी ही दूर पे गंगा नदी में मछली मार रहे मल्लाहों ने जब ये नजारा देखा तो हड़कम्प मच गया। भोला निषाद समेत कई मल्लाहों ने एक युवती को बचा लिया, मगर दूसरी गंगा में लापता हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने आनन फानन में आधा दर्जन गोताखोरों को गंगा नदी में डूबी युवती को बचाने के लिए लगा दिया, लेकिन जब तक गोताखोर दूसरी युवती को बचा पाते तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दूसरी युवती की दम घुटने से मौत हो चुकी थी। घटना परिजन और ग्रामीण स्तब्ध दोनो बहनों की ऐसी हरकत कर दी कि उनके परिवार के साथ ही जानने वाले भी आश्चर्यचकित रहे गए। घाट पर हल्ला मचा तो वहां काफी भीड़ लग ग।, कड़ा पुलिस के पूछने पर जीवित बची युवती ने ना–नुकुर के बाद अपना नाम रीता बताया व अपनी मृतक बहन का नाम गीता (22) वर्ष बताया। लड़की ने घटना को लेकर यह भी कहा कि उसको काफी दिक्कत है। उसे क्या दिक्कत थी यह तो जांच में ही पता चलेगा। पूंछताछ में पता चला कि वे दोनों मंझनपुर कोतवाली के शरीफपुर गांव की निवासी हैं। पुकिस ने उनके घर वालों को बुलाकर सारी घटना



बताई। जान देने के इरादे से दोनों चचेरी बहनों के एक साथ नदी में कूदने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सुसाइड नोट भी बरामद सूत्रों की माने तो घटना में दोनों युवतियों के द्वारा एक लेटर भी लिखा गया है। यह बात भी चर्चा का विषय बना हुआ है। युवतियों के गांव में दोनों बहनों के फैसले को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीवित युवती को लिखा पढ़ी के बाद उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया है।

# महिला दिवस पर पिंक साड़ी में अयोध्या से लखनऊ कूच करेंगी महिलाएं

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। जनपद से बड़ी संख्या में महिलाएं आगामी 8 मार्च महिला दिवस को लखनऊ जाएंगी उक्त बयान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस पार्टी की लखनऊ में होने वाली 'लड़की हूं लड़ सकती हूं महिला मार्च' की तैयारी के लिए आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिव पूजन पांडे ने कहा कांग्रेस पार्टी का यह लक्ष्य है की प्रत्येक विधानसभा से 300 महिलाएं लखनऊ जाएंगी। महानगर अध्यक्ष श्री कमल ने कहा लखनऊ में प्रस्तावित महिला मार्ग के लिए विभिन्न विधानसभाओं में जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और 8 मार्च को फैजाबाद से अधिक से अधिक संख्या में महिलाएं पिंक साड़ी पहनकर लखनऊ में होने वाले मार्च में सम्मिलित होंगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू ने कहा कांग्रेस ने 40 प्रतिशत टिकट देने का जो वादा किया था उसको पूरा किया कॉन्ग्रेस जो कहती है उसे करके रहती है। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम रानू ने बताया प्रियंका जी आह्वान पर लड़की हूं लड़ सकती हूं के नारे को बुलंद करते हुए लखनऊ में महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष में महिला यात्रा निकाली जाएगी जिसमें पूरे प्रदेश की महिलाएं शामिल होंगी।

# कपड़ा व्यापारी बलजीत छाबड़ा हत्याकांड में सात को उम्र कैद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में कपड़ा व्यापारी बलजीत छावड़ा जिसकी दीपोत्सव की पूर्व संध्या में चौक क्षेत्र स्थित उसकी दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।अयोध्या के बलजीत छाबड़ा हत्याकांड में 7 लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई।सातों अपराधियों पर पर 7 लाख 75 हजार का जुर्माना भी लगाया गया।यह फैसला एडीजे थर्ड कोर्ट पूजा सिंह ने यह सजा बुधवार को सुनाई है।फैसले आने के बाद दिन भर कचेहरी परिसर सहित जिले में हलचल रही।सूत्र के मुताबिक उम्र कैद की सजा पाने वालों मे सपा नेता अखिलेश पांडेय भी शामिल हैं।जो प्रदेश के पूर्व मंत्री पवन पांडेय का प्रतिनिधि रहे हैसअन्य में सौरभ तिवारी आदि शामिल हैं। सीएम योगी के अयोध्या आगमन से महज 16 घंटे पूर्व हुई थी हत्या।कोतवाली नगर के चौक क्षेत्र में दिनदहाड़े आराधना मेंस वियर दुकान घुस कर मालिक बलजीत छाबड़ा की गोली मारकर 2017 में धनतेरस के दिन हत्या कर दी गई थीस साल 2017 में दीपोत्सव पर्व मनाने को लेकर सीएम योगी के अयोध्या आगमन से महज 16 घंटे पूर्व हुई हत्या मामले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की हुई थी बड़ी किरकिरी हुई थी।भीड़भाड़ के बीच इस दिन व्यापारी हिमांशु छाबड़ा की हत्या के मामले में सभी आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा था। हत्याकांड के बाद व्यापारी नाराज होकर धरने पर बैठ गए थे, वहीं कैंसर से पीड़ित होने के नाते एक अभियुक्त निर्भय पांडेय जमानत पर चल रहा था। उसका बयान न हो पाने के कारण उसकी फाईल अलग कर उस पर सुनवाई जारी हैसअन्य सात अभियुक्तों की जमानत भी नहीं हो सकी थीसइस मामले को लेकर सभी सात अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा दोषी माने जाने पर बड़ी सजा मिलने के बाद पीडित परिवार ने खुशी जताई है।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा जन सैलाब

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के अमानीगंज विकास खंड मे स्थित अनेको शिव मंदिरों शिवालयों पर मंगलवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ उमड़ी।इस मौके पर लोगों ने भगवान शंकर का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।वही इस मौके पर क्षेत्र के महुलारा स्थित प्रसिद्ध शिवाला सिद्धनाथ मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से ही अभिषेक करना शुरू कर दिया।पूरे दिन लोग जलाभिषेक करते रहे।शिवाला परिसर में लगे विशाल वर्षिक मेले में लोगों ने खूब खरीददारी भी की।वहीं अमानीगंज बाजार के 84 कोसी पड़ाव स्थल बाबा चतुर गिरिश्वर महादेव पर भी सैकड़ों लोगों ने जलाभिषेक किया। च्यवनऋषि आश्रम कुन्दुरखा कला मे स्थित पौराणिक शिवाला मे भी सैकड़ों श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया।वही अलग–अलग स्थानों पर गांवों में स्थित शिव मंदिर शिवालयों पर भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। तथा अनेक स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।अमानीगंज विकासखंड परिसर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परिसर में स्थित शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक के पश्चात शिव बारात निकाली गई जिसका खंडासा बाजार आदि स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर एडीओ पंचायत शिव कुमार चौबे सहित विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो साइकिल चोरों को गिरफ्तार करने का पुलिस ने किया दावा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जनपद के तहसील मिल्कीपुर के इनायत नगर पुलिस ने दो साइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 10 साइकिल को बरामद करने का दावा किया।पुलिस के अनुसार कलीम पुत्र जान मोहम्मद अंसार पुत्र सलीम ग्राम मडी गन का पुरवा अंधियारी थाना खंडासा जनपद अयोध्या को आज उपनिरीक्षक अक्षय कुमार पटेल कांस्टेबल संदीप सिंह कांस्टेबल वीरेंद्र तिवारी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा उप निरीक्षक को सूचना दी गई कि दो साइकिल चोर खड़े हैं।जिसपर पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने दावा किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।